
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल के कैडेटों ने ग्राम मेण्ड्राकला में चलाया स्वच्छता अभियान

**अम्बिकापुर।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत गुरूवार को ग्राम मेण्ड्राकला के नवनिर्मित कृष्ण मंदिर परिसर में सैनिक स्कूल के 110 कैडेटों ने सफाई अभियान चलाया। कैडेटों ने मंदिर परिसर की सफाई की। गांव के बच्चों ने भी साफ-सफाई में भागीदारी की। कार्यक्रम प्रभारी सौरभ कुमार जैन ने ग्रामीणों और बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी तथा उन्हें स्वच्छता से सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी लाभों से अवगत कराया।अभियान अंतर्गत शिक्षक रवीन्द्र तिवारी, टीएम राव और सौरभ जैन ने कैडेटों का मार्गदर्शन करने के साथ ही स्वयं भी सफाई की। ग्रामीणों ने सैनिक स्कूल के प्रयास की सराहना की।

### सिलफिली कालेज में रक्तदान पर व्याख्यान सह जागरूकता कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में रक्तदान पर व्याख्यान सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने की,जबकि संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन नोडल अधिकारी श्रीमती शालिनी शांता कुजूर ने किया,कार्यक्रम में प्राचार्य बनाफर ने रक्तदान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल समाज को जीवन मिलता है बल्कि यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है,उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे जीवन में कम से कम साल में दो बार रक्तदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि रक्त के अलग-अलग घटक जरूरतमंद मरीजों को दिए जाते हैं,यह दान कभी भी व्यर्थ नहीं जाता,बल्कि किसी न किसी की जिंदगी बचाने का साधन बनता है,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी शांता कुजूर ने भी विस्तार से रक्तदान की प्रक्रिया और इसके लाभों पर प्रकाश डाला,कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों के अलावा सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेमलता एक्का,अंजना,डॉ. अजय कुमार तिवारी,भरत लाल कंवर, आशीष कौशिक,डॉ.गीता सोनी,जफर,कार्यालयीन स्टाफ वीरेंद्र सिंह,ताराचंद्र साहू,अशोक कुमार राजवाड़े,दिनेश लकड़ा,हेमंत नाविक,जयकुमार व अन्य उपस्थित थे,यहां पर उपस्थित जन व छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे भी रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे।

### विश्वकर्मा जयंती पर जिले के 2179 श्रमिकों को किया गया लाभान्वित



**सूरजपुर।** रजत जयंती एवं विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रमिक महासम्मेलन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में सरदार बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, बुढ़ापारा रायपुर में विगत दिवस में आयोजित हुआ। जिसमें श्रम विभाग सूरजपुर द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 2,179 श्रमिकों को 1 करोड़ 46 लाख 84 हजार 126 रूपये से लाभावित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा श्रमिक महासम्मेलन रायपुर में आयोजित किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में जिला सूरजपुर से 10 श्रमिकों को ले जाया गया। जिसमें नोनी बाबू मेधावी योजनान्तर्गत सेवक राम के पुत्री सोहन्ती तथा राम प्रताप के पुत्री ललिता को सीपेट में प्लास्टिक इंजीनियरिंग में पढ़ाई हेतु, सियान योजना से दो हितग्राही श्यामलाल यादव व सुन्दर सिंह तथा निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता योजनान्तर्गत एक हितग्राही उत्तराधिकारी जनक दास को सम्मानित किया गया। अन्य हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया गया है।

### उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत दिए गए दिशा निर्देश



**राजपुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में एससीएम राजपुर के अध्यक्षता में समस्त संकुल समन्वयक एवं ग्राम प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में शासन की मंशा रूप 2027 तक विकासखंड राजपुर को पूर्ण साक्षर करने हेतु असाक्षरो का सर्वे कर पोर्टल में एंट्री करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्य में रूचि रखने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन कर साक्षरता कक्षा संचालन करने तथा छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं एवं जन सहयोग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान एसडीएम देवेंद्र प्रधान, सीईओ संजय दुबे, एबीईओं जेआर नागदेव, पंचायत निरीक्षण फूलमोहन राम, बीपीओं मरयानुस एक्का, गोविंद नारायण सिंह सहित अन्य मौजूद थे

---

### पकड़े गए आरोपियों ने 11 जगहों से चोरी करने की बात स्वीकारी

# जिले की अलग-अलग पीडीएस दुकानों से शासकीय राशन चोरी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बातें**

- सरगुजा आईजी के निर्देश पर एसएसपी सूरजपुर द्वारा गठित किए गए विशेष पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता
- खरीददार समेत 7 आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख रुपए नगद, 2 लाख कीमत का राशन सामान, घटना में प्रयुक्त 3 नग पिकअप वाहन, 2 नग बाइक को पुलिस ने किया जब्त

सूरजपुर जिले में पीडीएस दुकानों से लगातार हो रही शासकीय चावल,शक्कर और चना जैसे राशन सामानों की चोरी की घटना होने का पुलिस ने पर्दाफाश कर खुलासा कर दिया है, पुलिस की गठित विशेष टीम ने एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए खरीददार समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से चोरी का माल और नगद रकम समेत लाखों का सामान जब्त किया गया है, सूरजपुर एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि 8 अगस्त की दरम्यानी रात जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अजबनगर के पीडीएस दुकान से चोरी हुई, इसके बाद 28 अगस्त को ग्राम पंचायत गंगापुर और 13 सितंबर को ग्राम पंचायत अनुजनगर के पीडीएस दुकानों में चावल की चोरी की वारदात सामने आई। पीड़ित संचालकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की,इसी बीच सरगुजा और सूरजपुर दोनों जिलों में चोरी की लगातार घटनाएं होने लगीं,आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर चौकी लटोरी और थाना जयनगर की संयुक्त टीम गठित की गई,एएसपी संतोष महतो और एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में मुखबिरों की मदद से जांच आगे बढ़ी,पुलिस ने घटनाओं की जानकारी व्हाट्सएेप ग्रुप के माध्यम से सभी बीट प्रभारियों से साझा कर संदिग्ध अपराधियों के पुराने रिकॉर्ड खंगाले,एसएसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कटघोरा में घेराबंदी कर मुख्य आरोपी जटगा निवासी इन्द्रपाल साहू पिता जीवनलाल साहू को गिरफ्तार किया,पकड़े गये मुख्य आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में अपने साथियों क्रमशः साहिल अफसर पिता मोहम्मद सकिल अहमद 24 वर्ष निवासी मुडापार एसईसीएल कालोनी सुभाष ब्लाक कोरबा थाना मानिकपुर जिला कोरबा,रफीक खान पिता सफीक खान 31 वर्ष निवासी सिरमिना बाबुपारा ढोढीपारा थाना पसान जिला कोरबा,सोनू सिंह पिता दया राम जाति कंवर 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहनपुर आंछीदादर थाना कटघोरा जिला कोरबा,शिवम राजपुत पिता राजू परमार 23 वर्ष निवासी गुरसिया बाजारपारा थाना बांगो जिला कोरबा,कृष्णा ढीमर पिता महेन्द्र ढीमर 25 वर्ष निवासी ग्राम दरैन खरिहाटोला, थाना सीधी जिला शहडोल मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पूर्व में तारा कांटारोली, उदयपुर के आसपास मुड़गांव, रिखी, लखनपुर के आसपास केवरी, अंधला, तराजू तथा अम्बिकापुर के आसपास कोलडीहा, दरिमा के खाला तथा एमसीबी जिला के बचरापोडी, मुंगेली थाना क्षेत्र व पेण्ड्रा मरवाही जिला के बस्तीबगरा में राशन दुकान सोसायटी में चावल, चना, शक्कर भी चोरी करना एवं लटोरी व जयनगर के पीडीएस दुकान से चोरी किए गए चावल, शक्कर, चना की चोरी करने की बात स्वीकारी गई है। साथ ही चोरी किए गए शासकीय अनाज को अंकुर अनाज भण्डार कटघोरा के संचालक 55 वर्षीय पवन अग्रवाल पिता किरोणीमल अग्रवाल निवासी कटघोरा मेन मार्केट थाना कटघोरा जिला कोरबा को विक्रय करना बताए हैं,पवन अग्रवाल चोरी का माल खरीदने के बाद कुछ हिस्सा फुटकर बेच देता था,पुलिस ने उससे 1 लाख रुपए नगद भी बरामद कर खरीददार पवन अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है,पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 100 बोरी चावल,11 बोरी शक्कर,1 बोरी चना को जब्त किया है,जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है,साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग किए गए 3 पिकअप वाहन व 2 मोटरसाइकिल भी जब्त किए हैं। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी इन्द्रपाल साहू और रफीक खान पहले भी सूरजपुर और कोरबा जिलों में डकैती और चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं,पूछताछ में आरोपियों ने अब तक 11 स्थानों पर चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है,पुलिस का मानना है कि और भी लोग इस गिरोह से जुड़े हो सकते हैं जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ई), 112, 317 (2), 3 (5) के अलावा खरीददार पवन अग्रवाल के खिलाफ 317 (2) की धारा को जोड़ा है।

उक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का, लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक रविशंकर किंडो, रामनिवास तिवारी, संजय राजपूत, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा,अम्बिका मरावी, सुनील एक्का, देवकीनंदन खुटिया, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।



मामले का खुलासा करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

---



# 75 पंचायत की गई बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल एवं मार्गदर्शन से चलाया गया अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। जिले की 75 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। विगत दो वर्षों में इन पंचायतों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज न होने के आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई।

इस उपलब्धि के पीछे राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल, सक्रिय मार्गदर्शन और नेतृत्व को निर्णायक माना जा रहा है।उनके नेतृत्व में विभाग ने गांव-गांव तक जागरूकता अभियान चलाया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय किया तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सूरजपुर जिले की यह पहल केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री के अमृत महोत्सव वर्ष में यह उपलब्धि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त संदेश है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह अभियान यूनिसेफ के सहयोग से और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने बाल विवाह उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है और विभाग लगातार जनजागरूकता, निगरानी और सामाजिक सहभागिता को मजबूत कर रहा है। सूरजपुर की इस सफलता से प्रेरित होकर अब छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी पंचायतों और नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन जिलों में विगत दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, वहां शीघ्र ही प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

#### सामुदायिक भागीदारी की सराहना

जिला प्रशासन ने इस पहल की सफलता में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की संयुक्त भूमिका की सराहना की। सभी के सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हुआ कि शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता मिले और कोई भी बाल विवाह न हो।

---

## विकासखंड में किया गया आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगदरी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना दीदी का गोठ का सीधा प्रसारण बिहान दीदी एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आयोजित किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और उनकी उन्नति के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। इन योजनाओं से महिलाएं सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तर पर मजबूत हुई है। जनपद सीईओ श्रीमती सिंह ने कहा कि विकासखंड के 87 ग्रामों और 70 ग्राम पंचायतों में आदि कर्मयोगी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर आदि कर्मयोगी कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि विक्रम सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती रजनी पैकरा, संतोष यादव, मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय,, मंडल महामंत्री सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, कत्था दास, बनारसी राम, ग्राम सरपंच, बीपीएम मनोज, रूबी सबा, अभिषेक मिंज, रामेश्वरी यदुवंशी और प्रताप सिंह सिसोदिया आदि मौजूद थे।



## पीएम के जन्मदिन के अवसर पर रोपे गए 101 पीपल के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर छग राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर द्वारा ग्राम हर्राटिकरा में पीपल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की मौजूदगी में 101 पीपल के पौधे रोप गए। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही सुंदर कार्यक्रम है। इससे आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा तथा यह एक प्रकार से मानव सेवा ही है। लुंड्रा विधायक श्री मिंज ने कहा कि अंबिकापुर नगर की जनसंख्या बढ़ती जा रही है, शहर के नजदीक इतनी बड़ी संख्या में पीपल के वृक्ष होने से शुद्ध वातावरण आने वाले सालों तक रहेगा। उन्होंने इसकी सुरक्षा पर भी जोर दिया। युवा आयोग क अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि राज्य युवा आयोग विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सक्रियता से कम कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी प्रेरणा से कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला चंदन ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, साहित्यकार श्याम कश्यप बेचैन, डॉ संजय गोयल, डॉ. योगेंद्र सिंह गहरवार, डॉ अंकिता गोयल, अधिवक्ता अशोक दुबे, धनंजय मिश्रा, शिवशंकर सिंह, उरांव समाज से वंशीधर उरांव, कोरवा समाज से कृष्णा कोरवा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, आलोक दुबे, श्वेता गुप्ता, जितेंद्र सोनी, अनीता रविन्द्र भारती, दीपक यादव, रविन्द्र तिवारी, अभिषेक सिंह पिंटू, आर्ट ऑफ लिविंग से अजय तिवारी, स्नैकमैन सत्यम द्विवेदी, भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष विवेक सिंह, रामकेश्वर राजवाड़े, संजय राजवाड़े, पन्नालाल राजवाड़े, हर्ष जायसवाल, श्रीधर केशरी, डोमन राजवाड़े, सौरभ मिश्रा, मनीष सिंह, लव दुबे, प्रिंस चौबे, दिगंबर यादव, उत्कर्ष पाठक, अंकित तिर्की, पहलराम राजवाड़े, राजू सिंह, सागर विश्वकर्मा, राजकुमार राजवाड़े, जय सिंह, शैलेन्द्र राजवाड़े आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

---

## अगले साल अलग से रावण दहन करेगी नागरिक सेवा समिति

**अंबिकापुर।** आने वाले सालों में अब नागरिक सेवा समिति अलग से विजय दशमी और रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इसके साथ ही नागरिक सेवा समिति द्वारा अन्य त्यौहारों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बता दें कि अब तक जिले में विजयादशमी, रावण दहन सहित अन्य आयोजन सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में होता है।

इस बार भी नागरिक सेवा समिति द्वारा विजयदशमी पर्व को लेकर 18 सितम्बर को पदाधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में आयोजन को लेकर चर्चा के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा चूकि नागरिक सेवा समिति का पंजीयन हो चुका है यह एक पंजीकृत संस्था हैं, इसलिये नागरिक सेवा समिति को समस्त आयोजन पृथक से स्वतः आयोजित करना चाहिए। हालांकि इस बार कई वरिष्ठ सदस्य पितृपक्ष एवं पारिवारिक अनुष्ठान में व्यस्त होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो पाए इस लिए समिति ने अगले वर्ष से विजय दशमी पर्व के समस्त आयोजन पृथक आयोजित करने सबंधित निर्णय लिया है। इस प्रस्ताव को नागरिक सेवा समिति की आगामी बैठक में रखकर निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया है इसके साथ ही अन्य त्योहारों भी समिति द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान नागरिक सेवा समिति के अजय अग्रवाल, शफी अहमद, आलोक दुबे, राजीव अग्रवाल, सिनु जायसवाल, द्वितेन्द्र मिश्रा, सुशील गोयल, जेपी श्रीवास्तव, प्रवीण जायसवाल, रिषभ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



### नवरात्र एवं दशहरा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**शंकरगढ़।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए एसडीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध एवं ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रण करने, अश्लील गानों पर पूर्णतः प्रतिबंध एवं सब्जी मार्केट को व्यवस्थित करने, बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर थाना पर अपना नाम दर्ज करवाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। शांति समिति की बैठक में एसडीम अनमोल टोप्पो, नायब तहसीलदार गजराज सिंह, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल एवं जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।





## डीके सोनी को मिला नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्लोबल आइकन लीडर अवार्ड

- कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में मिला सम्मान

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्लोबल आइकन लीडर अवार्ड मिला है। बता दें वर्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस संस्था द्वारा बंग गौरव सम्मान का आयोजन कोलकाता में किया गया जिसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर तथा खेल में उत्कृष्ट कार्य करने लोगों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में आरटीआई एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डी के सोनी को भारत के अन्य राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और अलग अलग क्षेत्र के लोगों के समक्ष रविन्द्र मंच भवन ठाकुरबाड़ी कोलकाता में वेस्ट बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस श्यामल कुमार सेन तथा पद्मश्री पूर्णा दास बॉल सम्राट के द्वारा बंग गौरव सम्मान के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्लोबल आइकन लीडर अवार्ड 2025 का अवॉर्ड दिया गया। अधिवक्ता डॉ. डी के सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं और सोशल जस्टिस प्राप्त करने वालो तथा आम जनता में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी के द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक कार्य किए जाते रहे हैं। डॉ. सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं।

## जनपद में सीईओ की अदला-बदली से मचा बवाल, गरमाया राजनीतिक माहौल

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत में इन दिनों राजनीतिक खींचतान और प्रशासनिक घमासान का केंद्र बना हुआ है। पिछले एक महीने से यहां दो जनपद सीईओ के बीच कार्यभार को लेकर पेंच फंसा हुआ था। इस विवाद ने धीरे-धीरे सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को भी दो गुटों में बांट दिया। हालात तब और गरमा गया जब दो दिन पूर्व जनपद पंचायत परिसर में सरपंच संघ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने धरना-प्रदर्शन कर सीईओ जयगोविंद गुप्ता के पक्ष में कार्यभार सौंपने की मांग की।



धरना प्रदर्शन और घेराव से शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया। बढ़ते जनदबाव के बाद राज्य शासन ने देर रात ही बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए जनपद सीईओ जयगोविंद गुप्ता का प्रतापपुर से तबादला कर उन्हें सीतापुर का प्रभार सौंप दिया। वहीं पूर्व से प्रभारी के रूप में पदस्थ डॉ. नृपेंद्र सिंह को प्रतापपुर जनपद पंचायत का सीईओ यथावत कर दिया गया है। इस फेरबदल ने प्रतापपुर की सियासत को और अधिक गरमा दिया है। एक ओर जयगोविंद गुप्ता के समर्थन में खड़े सरपंचों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि शासन ने उनकी भावनाओं को दरकिनार किया है। वहीं दूसरी ओर डॉ. नृपेंद्र सिंह के समर्थक इस फैसले को सही ठहराया है। दोनों पक्षों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देने लगी है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी सरपंच संघ कई बार डॉ. नृपेंद्र सिंह को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था और प्रदर्शन किया था। लेकिन शासन की ओर से उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया था। अब अचानक हुए इस आदेश ने एक बार फिर जनपद पंचायत के माहौल को उथल-पुथल कर दिया है। रातों-रात सीईओ बदलने के फैसले को लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों खेमों में चर्चा तेज है। प्रशासनिक फेरबदल को लेकर गांव-गांव तक राजनीतिक माहौल गरमाया है।



## खबर संक्षेप

### श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस आज

**जशपुरनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ 21 सितंबर दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 5:00 बजे अघोर पीठ गम्हरिया आश्रम से प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो सती चौरा में पूजा अर्चना के पश्चात सोगड़ा आश्रम पहुंचेगी जहां ध्वजों तोलण एवं पूजा पाठ के पश्चात अघोर पीठ आश्रम गम्हरिया में प्रभात फेरी सम्पन्न होगी।वहां ध्वजों तोलण, सफल योनी का पाठ ,लघु गोष्ठी एवं प्रसाद वितरण के पश्चात दोपहर में जशपुर के विभिन्न मंदिरों मस्जिद और गिरिजा घरों में झाडू वितरण एवं जशपुर के विभिन्न चिकित्सालयो में पौष्टिक आहार का वितरण किया जाएगा।

### मांड नदी किनारे मिली महिला की लाश

**सीतापुर।** क्षेत्र में मांडनदी में एक महिला की लाश बरामद की गई है। महिला जशपुर जिले की रहने वाली थी और सोमवार से लापता थी। पुलिस द्वारा महिला की लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को क्षेत्र के मंगरैलगढ़ स्थित मांडनदी किनारे एक महिला की सड़ी गली लाश झाड़ियों में मिली थी। स्थानीय लोगों ने नदी में लाश होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा लाश को पानी से निकालकर उसके शिनाख्त की प्रक्रिया की गई। इस दौरान मृतिका की पहचान जशपुर जिले के जुजगु महादेवडांड निवासी 35 वर्षीय सुनीता कोरवा पति दूरदर्शन कोरवा के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार महिला मानसिक रूप से कमजोर थी और 15 सितम्बर की दोपहर 3 बजे लापता हो गई थी। फिलहाल इस बात का पता नहीं चल पाया है कि महिला की मौत कैसे हुई इसका पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### भारत का विकृत नक्शा दो के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

**अम्बिकापुर।** होली क्रॉस वुमेंस कॉलेज की प्राचार्य शांता जोसेफ एवं उनके फेसबुक पेज संचालक द्वारा महाविद्यालय के अधिकृत फेसबुक पेज पर स्पोर्ट्स डे बैनर तले भारत का विकृत एवं विवादित नक्शा प्रकाशित करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने प्राचार्य सहित दो व्यक्तियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 505 (1-बी) का मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार होलीक्रास वुमेंस कॉलेज के अधिकृत फेसबुक पेज पर 5 फरवरी 2024 को स्पोर्ट्स डे के बैनर में भार तक विकृत एवं विवादित नक्शा प्रकाशित किया गया था। नक्शे में अक्साई चीन एवं पाक अधिकृत कश्मीर को भारत से अलग दिखाया गया है। फेसबुक पेज पर यह विवादित नक्शा 19 महीने तक वायरल होता रहा। हाल ही में नए फोटो अपलोड होने पर यह दोबारा सामने आया तो गोधनपुर निवासी कैलाश मिश्रा ने इसकी शिकायत गांधीनगर पुलिस से की। अपनी शिकायत में उन्होंने इसे सुनियोजित एवं संगठित प्रयास बता पूर्व में भी मिशनरी संस्थाओं द्वारा इस तरह की राष्ट्र विरोधी गतिविधियां करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मिशनरी कॉलेजों एवं स्कूलों में भारत विरोधी प्रतीकों, गलत नक्शों एवं ईसाइकरण की गतिविधियां बीच-बीच में सामने आने का उल्लेख कर इसे भारत की संप्रभुता एवं अखंडता पर प्रहार बताया है।

### ग्रामीण के घर से की 38 नग चिरान जब्त

**शंकरगढ़।** क्षेत्र में लंबे समय से लकड़ी के तस्करी करने की लगातार मिल रही शिकायत पर गत दिन पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। अभियान में टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब एक ग्रामीण के घर से 38 नग अवैध चिरान बरामद किया गया। वन अमले ने आरोपी के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मशरूम बीन रही महिला की हाथी के कुचलने से मौत, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह कुनकुरी विकासखंड के कुडुकेला जंगलपारा में हाथी ने एक ग्रामीण महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान 44 वर्षीय ज्योति मिंज के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, ज्योति मिंज सुबह-सुबह जंगल से खुखड़ी (जंगली मशरूम) बीनकर घर लौट रही थी। घर से महज 200 मीटर की दूरी पर पहुंचते ही अचानक हाथी ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण दौड़े और किसी तरह वन विभाग को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से महिला को कुनकुरी के होलीक्रॉस अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।



घायल महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में हुई मौत।

**लगातार बढ़ रहा मानव-हाथी संघर्षः** यह जिला लंबे समय से हाथियों के आतंक से जूझ रहा है। यहां हर साल कई लोगों की मौत हाथी के हमले में हो जाती है और बड़ी संख्या में घर, फसलें और गोदाम हाथियों द्वारा रौंदे जाते हैं। विभाग की तमाम योजनाओं और दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर लोगों को राहत नहीं मिल रही है।ग्रामीणों का कहना है कि वे रोजाना असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। महिलाओं और बच्चों को जंगल में लकड़ी, चारा और मशरूम बीनने जाना पड़ता है, लेकिन हर कदम पर हाथियों के हमले का डर बना रहता है।

### सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग

इस ताजा घटना के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर मांग की है कि क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, गांव-गांव में समय पर मुनादी कर लोगों को सावधान किया जाए और जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती की जाए।

### 2025 में अब तक 5 मौतें

वन विभाग के अनुसार इस वर्ष 2025 में अब तक 5 मौतें हाथी के हमले से हो चुकी है। वन विभाग ने अभितक सभी मौतों का मुआवजा भी दिया है,लेकिन क्या इन मुआवजों से गई हुई जन की छती को कम किया जा सकता है।जरूरत है हाथी और मानव के बीच होने वाले संघर्षों को रोकना ताकि जानमल।के छाती से लोगों को बचाया जा सके।

### वन विभाग पर लगा लापरवाही का आरोप

घटना के बाद से इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले से होने के बावजूद वन विभाग की ओर से न तो मुनादी कराई गई और न ही लोगों को सावधान किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्र में हाथियों की लगातार आवाजाही को देखते हुए निगरानी बढ़ाई जाए और लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। उनका कहना है कि जब तक हाथियों को सुरक्षित क्षेत्र में खदेड़ने और उनकी आवाजाही पर रोकथाम की ठोस रणनीति नहीं बनेगी, तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।

### क्या कहना है वन विभाग का

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों के विचरण को लेकर लगातार अलर्ट जारी किया जा रहा है। सोशल मीडिया, ग्राम पंचायतों और अन्य संचार माध्यमों से ग्रामीणों को चेताया जाता है। विभाग का कहना है कि लोग जंगल में जाते समय एहतियात नहीं बरत रहे हैं, जिसकी वजह से हादसे हो रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि घटना की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

## ऑपरेशन मुस्कान में मिली बड़ी सफलता

# दो गुम बच्चियां सकुशल मिलीं परिजन के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" में पुलिस ने दो गुम नाबालिग बालिकाओं को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। यह अभियान विशेष रूप से गुम बच्चों की सुरक्षा और उन्हें उनके घर सुरक्षित लौटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

19 अगस्त 2025 की शाम को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने तुरंत आस-पड़ोस, रिश्तेदार और आसपास के गांवों में पता लगाया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने संदेह व्यक्त किया कि बालिका को किसी व्यक्ति ने बहला-फुसला कर भगा लिया है।परिजनों की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में गुम इंसान और बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस ने तुरंत पता साजी शुरू की। पुलिस ने क्षेत्रीय और तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए गुम बालिका का पता लगाया। परिजनों के सहयोग से बालिका को जशपुर क्षेत्रांतर्गत एक गांव से सकुशल बरामद किया गया।

### आरोपी और कानूनी कार्रवाई

पूछताछ में पता चला कि आरोपी नवीन भगत उम्र 19 वर्ष ने बालिका को शादी का झांसा देकर बहला- फुसलाकर भगा लिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87, 64(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### चौकी सोन क्यारी क्षेत्र में दूसरा मामला

इस क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका 11 सितंबर 2025 को घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में पता किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। चौकी सोन क्यारी पुलिस ने गुम इंसान व बीएनएस धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।मुखबिर की सूचना और परिजनों के सहयोग से पता चला कि बालिका कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत अपने एक रिश्तेदार के घर में है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर बालिका को सकुशल बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह घर वालों की किसी बात से नाराज होकर चली गई थी और उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### पुलिस की तत्परता और टीम का योगदान

दोनों मामलों में पुलिस की सक्रियता, तकनीकी टीम की मदद और मुखबिर तंत्र की भूमिका अहम रही। विशेष रूप से चौकी सोन क्यारी में सहायक उप निरीक्षक कुमार वैभव सिंह, नगर सैनिक सिंह रवि, और परिजनों ने बालिका की बरामदगी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### जारी रहेगा आपरेशन मुस्कान

एसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया पुलिस ने सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए दोनों गुम बालिकाओं को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया। ऑपरेशन मुस्कान निरंतर जारी है।

# अमेरिका की एडवाइजरी के जवाब में युवा निकला साइकिल यात्रा पर

**जशपुरनगर।** हाल ही में अमेरिका ने भारत के कुछ राज्यों को लेकर अपनी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें छत्तीसगढ़ को भी असुरक्षित बताया गया था। इसी टिप्पणी से आहत होकर कवर्धा जिले के गुलालपुर निवासी 19 वर्षीय युवक आनंद मरकाम ने साइकिल से पूरे छत्तीसगढ़ का भ्रमण करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वे अपनी यात्रा के माध्यम से यह संदेश देंगे कि छत्तीसगढ़ न केवल सुरक्षित है बल्कि प्राकृतिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से बेहद समृद्ध राज्य है।




### दो माह की होगी यात्रा

आनंद ने 1 सितंबर से अपनी यह अनूठी यात्रा शुरू की है और उनका लक्ष्य है कि दो माह में पूरे छत्तीसगढ़ का भ्रमण पूरा कर लें। इस दौरान वे राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों, जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को उजागर करते हुए इसे सोशल मीडिया और ब्लॉग के माध्यम से देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे।

### बलरामपुर होते पहुंचे जशपुर

शुक्रवार की शाम आनंद मरकाम अपनी साइकिल यात्रा के दौरान बलरामपुर के प्रसिद्ध तातापानी पर्यटन स्थल होते हुए जशपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले के पर्यटन स्थलों और यहां की परंपराओं को देखकर वे बेहद उत्साहित हैं और इन्हें भी अपने ब्लॉग के जरिए लोगों तक पहुंचाएंगे।

# पुलिस ने सायबर फ्रॉड और महिला सुरक्षा पर दी जानकारी

**जशपुरनगर।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में महिला थाना परिसर में दो दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में बिहान महिला स्व-सहायता समूह पत्थलगांव एवं फरसाबहार की सैकड़ों महिलाएँ शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं को सायबर फ्रॉड, महिला एवं बालिका से जुड़े अपराधों की बारीकियों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और नोनी रक्षा रथ की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई यह अभियान एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में 18 और 19 सितंबर को संचालित हुआ। जशपुर पुलिस की साइबर जागरूकता टीम ने महिलाओं को रोजमर्रा की ज़िंदगी से जुड़े उन खतरों से अवगत कराया, जिनका सामना आधुनिक डिजिटल युग में आमतौर पर लोग कर रहे हैं।

- पुलिस ने चलाया महिला जागरूकता अभियान

साइबर अपराध पर सतर्कता सबसे जरूरी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी मंजूलता बाज ने कहा कि जैसे-जैसे लोग ऑनलाइन हो रहे हैं, साइबर ठग भी उतने ही सक्रिय हो गए हैं। ये ठग अपने आपको पुलिस अधिकारी, बैंक मैनेजर या किसी सरकारी विभाग का कर्मचारी बताकर लोगों से निजी जानकारी हासिल कर लेते हैं और फिर वित्तीय ठगी को अंजाम देते हैं। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर भरोसा न करें,



सायबर फ्रॉड से सजग रहने की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

और संदेह होने पर तुरंत सायबर हेल्पलाइन 1930 अथवा पुलिस से संपर्क करें। बालिका शिक्षा और सुरक्षा पर जोर डीएसपी ने बालिका शिक्षा की अहमियत पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षित बालिका सिर्फ अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज का भविष्य बदल सकती है। जहां लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान दिया जाता है, वहां परिवार अधिक जागरूक होता है और अपराधों में स्वतः कमी आती है। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, मानसिक सुरक्षा और ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक उपाय भी बताए। टैफिक नियमों की अनदेखी न करें अभियान में महिलाओं को सड़क पर यातायात नियमों के पालन का संदेश भी दिया गया। कहा गया कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट पहनना, निर्धारित गति से वाहन चलाना और मोबाइल पर बातचीत न करना बेहद जरूरी है। तेज रफ्तार, ओवरटेकिंग और लापरवाही ही दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण हैं। नशे से परिवार और समाज दोनों प्रभावित अभियान के दौरान नशामुक्ति का संदेश भी प्रमुखता से दिया गया। महिलाओं को बताया गया कि शराब, तंबाकू और अन्य नशे से न सिर्फ शरीर और मन प्रभावित होते हैं, बल्कि परिवार की शांति और बच्चों की शिक्षा भी बाधित होती है। युवाओं और महिलाओं को "ना कहने की हिम्मत"रखने की सलाह दी गई। पुलिस का संदेश, महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि पत्थलगांव और फरसाबहार की महिला लीडर को जागरूक कर अपने-अपने गांवों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जशपुर पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग और तत्पर है।

# सेजेस फरसाबहार में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास की पहल पर वित्तीय साक्षरता वर्कशॉप का आयोजन सेजेस फरसाबहार में किया गया। शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर के निर्देशन में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला जिले के आठ विद्यालयों में 11 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित हुई। 18 सितंबर को सेजेस फरसाबहार के 209 विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इससे पूर्व 17 सितंबर को बगीचा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेवडांड में कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें 402 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

ट्रेनर और डिजिटल कोच ने बताया नियत बचत एवं इमरजेंसी फंड कार्यशाला के लिए आए ट्रेनर और डिजिटल कोच वीरेंद्र मिश्रा ने कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को पैसे के महत्व, बजट बनाने की आदत, नियमित बचत, इमरजेंसी फंड और इन्वेस्टमेंट की मूल बातें समझाईं। उन्होंने बैंकिंग की बुनियादी प्रक्रियाएँ जैसे सेविंग अकाउंट, यूपीआई, एटीएम और मोबाइल बैंकिंग के साथ-साथ डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा पर भी जानकारी साझा की।




जिले के आठ विद्यालयों में आयोजित कार्यशाला में 1371 विद्यार्थी हुए लाभान्वित।

कार्यशाला में स्मार्ट स्पेंडिंग करने के तरीके, जरूरत और चाहत में भेद, एडवरटाइजमेंट और पीयर प्रेशर, सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान व चक्रवृद्धि ब्याज के लाभ, लोन और क्रेडिट स्कोर प्रबंधन, ईएमआई ट्रैप से बचने के उपाय, म्यूचुअल फंड व शेयर बाजार का परिचय और पोंजी स्कीम, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। पूरे प्रशिक्षण को गतिविधियों, वर्कशीट्स और खेलों के जरिए रोचक और इंटरएक्टिव बनाया गया, ताकि विद्यार्थी सीखी गई बातों को अपने दैनिक जीवन में आसानी से लागू कर सकें। इस कार्यशाला में मैत्री स्कूल की ओर से उत्कर्ष मिश्रा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आयोजन में बीइओ का रहा योगदान कार्यक्रम में बीईओ दुर्गेश देवांगन के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य प्रदीप कुमार कुजूर, शिक्षक अमृत सिंह, हेमंत निकुंज, शिक्षिका अनुभूति सिंह और शिवानी तिवारी सहित संस्था के कई शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिले में आयोजित कार्यक्रमों का समन्वय यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय ने किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम ढाँचे पर आधारित

# जोगपाल पब्लिक स्कूल में दी गई सीबीएसई टीचर्स ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शुक्रवार को जोगपाल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की एनसीएफ नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत शिक्षक ,शिक्षिकाओं की ट्रेनिंग संपन्न हुई। ट्रेनिंग के लिए ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ की को-ऑर्डिनेटर श्रीमती जसलीन कौर और संस्कार पब्लिक स्कूल, शक्ति के रमानी शाह पीजीटी, केमेस्ट्री ने अपनी उपस्थिति दी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम ढाँचे पर आधारित है। यह 3 से 18 साल के बच्चों के लिए एक नया पाठ्यक्रम ढांचा प्रदान करता है,



ट्रेनिंग के बाद फोटो सेशन के दौरान टीचर्स।



कार्यक्रम के दौरान जोगपाल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया।

जिसमें 5 साल का फाउंडेशनल स्टेज (कक्षा नर्सरी, जेकेजी, एसकेजी, क्लास 1और क्लास 2, 3 साल का प्रिपरेटरी स्टेज क्लास 3,4और 5, 3 साल का मिडिल स्टेज क्लास 6,7और 8 और 4 साल का एडवांस्ड स्टेज क्लास 9,10,11और 12 शामिल है। एनसीएफ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा है यह एक मार्गदर्शक दस्तावेज है। भारत में इसका उपयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पाठ्यक्रम, शिक्षण- विधियों और छात्र मूल्यांकन के लिए किया गया है। ट्रेनर श्रीमती जसलीन कौर ने बताया कि पहली स्टेज यानी कि फाऊंडेशनल स्टेज में कक्षा नर्सरी से क्लास 2 तक बच्चों का समग्र विकास बहुत आवश्यक है । आज की ट्रेनिग का मुख्य विषय फ़ाउन्डेशनल स्टेज ही रहा।जिसे भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है, इसके अंतर्गत बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाना, बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना, बच्चों के कांसेप्ट ⏭ शेष पेज 4 पर

# बगीचा में आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिले में खेल प्रतिभाओं को पहचान और बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार दूरदर्शी सोच के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी चमक बिखेरें और देश व राज्य का नाम गौरवान्वित करें।



मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर ही खेल मैदानों और आवश्यक अधोसंरचनाओं के निर्माण की लगातार स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही निर्माण कार्य भी सतत रूप से जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय के कार्यकाल में 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत के बगीचा में स्वीकृत आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इस स्टेडियम में वुडन फ़्लोरिंग युक्त दो बैडमिंटन कोर्ट होंगे। साथ ही खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। क्षेत्रवासियों और खिलाड़ियों ने इस पहल पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि अब उन्हें बड़े शहरों जैसी खेल सुविधाएँ अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी, जिससे बेहतर खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे।

## खबर संक्षेप

### विधायक लालजीत सिंह राठिया ने दी सौगातें

**धरमजयगढ़।** कांग्रेस के विधायक लालजीत सिंह राठिया ने नगरवासियों को अब तक कई बड़ी सौगातें दी हैं। समाजिक जरूरतों को देखते हुए साहू, मेहर और ईसाई समाज के लिए सामुदायिक हॉल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं महकुल, सिख, अघरिया, सर्व यादव और कंवर समाज के लिए भी विवाह और मंगल कार्य हेतु प्रमुख स्थान पर सरकारी जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा बस स्टैंड दुर्गा पंडाल, नीचेपारा पंडाल को स्थायी स्वरूप देने के साथ ग्राउंड समिति हेतु कार्यालय की व्यवस्था की गई है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा के लिए भव्य विश्वकर्मा मंच और बंग समाज के लिए काली पूजा मंच का निर्माण कराया गया है।

### 82 लोगों को मिले खोए मोबाइल, दो हफ्तों में बरामदगी

**राउरकेला।** पुलिस की सतर्कता और तकनीकी दक्षता का एक और उदाहरण सामने आया है। राउरकेला पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित करते हुए शहर के 82 लोगों को उनके खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन वापस दिलाए। पुलिस की इस पहल से न केवल आम जनता को राहत मिली है बल्कि पुलिस के प्रति भरोसा भी और मजबूत हुआ है। पिछले डेढ़ वर्ष में चोरी या गुमशुदा हुए मोबाइलों की तलाश में पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। साइबर पुलिस थाना और विभिन्न थानों की संयुक्त कार्रवाई के तहत केवल दो सप्ताह में यह बड़ी बरामदगी संभव हो पाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद मोबाइलों की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। इस अवसर पर डीआईजी बृजेश राय और एसपी नितेश वाधवानी मौजूद रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने साझा रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि साइबर पुलिस की तकनीकी मदद और पुलिस टीम की सक्रियता का परिणाम है।

### कलेक्टर से मिले मां बंजारी समिति के कार्यकर्ता

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्व शक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु 19 सितंबर शुक्रवार को रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी जी से माँ बंजारी धाम समिति सदस्य कार्यकर्ता मिलकर नवरात्र पर्व के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा की गई। दीप प्रज्वलन शुभारंभ नवरात्र पर्व का न्यौता दिया गया।

## युवाओं को मिल रहा तकनीकी और व्यवसायिक प्रशिक्षण

# कलेक्टर ने नवगुरूकुल प्रशिक्षण संस्थान का किया निरीक्षण, छात्राओं को दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज जिला प्रशासन के सहयोग से नवगुरूकुल फाउंडेशन द्वारा युवाओं को कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस शिक्षा प्रदान करने हेतु संचालित आवासीय प्रशिक्षण संस्थान का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने छात्राओं से चर्चा की और लगन के साथ शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु प्रेरित किया। छात्राएं कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित हुए। कलेक्टर ने एक शिक्षक की तरह उनसे चर्चा की और तकनीक और आधुनिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

कलेक्टर ने बिजनेस शिक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सुबेला टोप्पो, साक्षी यादव और राखी तिर्की और कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कुंती यादव सहित अन्य छात्राओं से चर्चा की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के दौर तकनीक का है, वहीं देश आज तरक्की कर सकता है जिसकी तकनीक में अच्छी पकड़ हो, तकनीक में कौशल प्राप्त युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी पूरे मन लगाकर सीखे और अपने सपने को पूरा करें।

कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य श्री अमरनाथ धमगया और नवगुरूकुल के मेंटोर से कहा कि प्रशिक्षण में एआई, आधुनिक कंप्यूटर प्रोग्राम को भी शामिल करे। उन्होंने कॉलेजों में सेमिनार लगाकर कैरियर के बारे गाइडेंस देने तथा अन्य गतिविधियां आयोजित कर छात्रों को जागरूक करने को कहा। विदित हो कि नवगुरूकुल में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग तथा व्यवसायिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाता है।। प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थियों को निःशुल्क छात्रावास, लैपटॉप, इंटरनेट सुविधा एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम पूर्णतः रोजगारोन्मुखी स्वरूप में संचालित किया जाता है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद भटनागर सहित नवगुरूकुल के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा के माध्यम से उनके शंकाओं का समाधान करें ताकि, पढ़ाई और भी रोचक व उपयोगी बन सके।

■ भौतिकी प्रयोगशाला ठीक से संचालित नहीं करने पर व्याख्याता को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

अटल टिंकरिंग लैब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से 3-डी प्रिंटर, डिजिटल मल्टीमीटर, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, रोबोटिक कीट सहित अन्य उपकरणों के प्रयोग के बारे में पूछा। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लैब में समर्पित भाव से सीखना वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और समस्या-समाधान की क्षमता को मजबूत करता है। कलेक्टर श्री व्यास ने छात्राओं की क्षमता-विकास के लिए लाइब्रेरियन को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से छात्राओं को पुस्तकें इश्यू करें, जिससे वे पुस्तकों से सारगर्भित शिक्षा ग्रहण कर सकें।

भौतिकी प्रयोगशाला का निरीक्षण करते समय कलेक्टर ने वहाँ की अव्यवस्था और प्रयोगशाला के ठीक से संचालित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भौतिकी की व्याख्याता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, अकारण अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने प्रयोगशाला के नोडल अधिकारी को नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालय में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और कबाड़ हो चुके सामान का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद भटनागर, विद्यालय के प्राचार्य श्री के.पी. यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**लैब में दी छात्राओं को प्रायोगिक शिक्षा**

कलेक्टर श्री रोहित व्यासने अटल टिंकरिंग लैब में खुद को शिक्षक की भूमिका में ढालते हुए छात्राओं को प्रायोगिक शिक्षा दी। उन्होंने बच्चों को उपकरणों की कार्यप्रणाली समझाई और छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे नई तकनीक और प्रयोगशीलता को जीवन का हिस्सा बनाएँ और भविष्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित करें। विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं ने इस अनूठे प्रयास की सराहना की और कहा कि कलेक्टर द्वारा सीधे पढ़ाने का अनुभव बच्चों के लिए प्रेरणादायक और यादगार रहेगा।

# सड़क निर्माण के लिए 6 करोड़ 91 लाख की राशि स्वीकृत



**जशपुरनगर।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को मजबूत आधारभूत संरचना से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है।इस बार जिले के लिए जिस कार्य को मंजूरी मिली है, वह है सीसरिंगा से महलंग होते हुए सहसपुर मार्ग 6.5 किलोमीटर का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 6 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस सड़क निर्माण से न केवल ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। किसानों को अपनी फसलों और उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने में आसानी होगी।साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में भी तेज़ और सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**राहगीरों को मिलेगी कीचड़ और धूल से निजात-** लंबे समय से राहगीरों और ग्रामीणों की समस्या अब खत्म होने जा रही है। बरसात के दिनों में कीचड़ और धूल भरी गर्मी के मौसम में उठने वाली परेशानी से अब लोगों को निजात मिलेगी। क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति और तेजी से हो रहे विकास कार्यों से लोगों को बेहतर सुविधा मिलने वाली है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक बरसात के समय कच्ची सड़कों पर चलना बेहद कठिन हो जाता था। कीचड़ और गड्ढों की वजह से न केवल राहगीरों को दिक्कत होती थी बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को भी आवागमन में भारी दिक्कत झेलनी पड़ती थी।सड़क निर्माण हो जाने से क्षेत्र वासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी।

# गारे-पल्मा सेक्टर 2 कोयला खदान का उद्घाटन, संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़




महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) ने तमनार तहसील में स्थित गारे-पल्मा सेक्टर II (GP-II) कोयला खदान का कार्य प्रारंभ किया। खदान के बॉक्स कट गतिविधि की शुरुआत महाजेनको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में की गई।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) मनीष विश्वनाथ वाघिरकर, निदेशक अभय हरने, कार्यकारी निदेशक नितिन वाघ, पंकज सपाटे, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी और समस्त टीम उपस्थित रहे। महाजेनको ने इस परियोजना के लिए सभी आवश्यक पर्यावरणीय, वन, खनन और प्रशासनिक अनुमतियाँ प्राप्त कर ली हैं। आज खदान का विधिवत शुभारंभ किया गया और संचालन की सभी आवश्यक अनुमतियों के तहत बॉक्स कट गतिविधि स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। खदान से कोयले का निष्पादन जनवरी माह से करने की योजना है। GP-II कोयला खदान परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी खदानों में से एक है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन टन है। यह खदान महाराष्ट्र राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, विशेष रूप से चंद्रपुर, कोराडी और पारली जैसे थर्मल पावर प्लांट्स को कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इससे राष्ट्रीय ग्रिड को 3200 मेगावाट से अधिक बिजली प्राप्त होगी।

महाजेनको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बी. राधाकृष्णन ने इस अवसर पर कहा कि रोजगार सृजन, राजस्व वृद्धि और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के लिए कंपनी सतत योगदान देगी। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए महाजेनको ने 32 वर्षों में 2256.60 हेक्टेयर क्षेत्र में 56.4 लाख स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

### पेज 3 का शेष

### जोगपाल पब्लिक ...

को बेहतर ढंग से समझने में मदद करना और समग्र समावेशी और लचीली शिक्षा प्रदान करना आदि शामिल है। उन्होंने टीचर्स को क्लासरूम मैनेजमेंट के बारे में ट्रेनिंग दी। श्रीमान रमानी शाह ने भी बताया कि हम कैसे अपने क्लास को कंट्रोल करके बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में जोगपाल पब्लिक स्कूल, पत्थलगांव के डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया ,प्रिंसिपल बिनय राय, एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया , शिक्षक- शिक्षिकाएं, जोगपाल पब्लिक स्कूल, कांसाबेल के प्रिंसिपल शंकर कुमार , शिक्षक- शिक्षिकाएं, सेंट जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल, पत्थलगांव के शिक्षक-शिक्षिकाएं,डीएवी इंग्लिश मीडियम स्कूल, कुंजारा की प्रिंसिपल सुश्री अर्चना चौधरी और शिक्षक, शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे ।

# सेवानिवृत्त व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करे : फेडरेशन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों तथा व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति देने ई-मेल किया है।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता एवं महामंत्री संजीव शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र 5 मार्च 2019 द्वारा एजुकेशन एवं ट्राइबल के शिक्षक संवर्गों के लिये समेकित भर्ती-पदोन्नति नियम बनाया गया था। प्राचार्य पद पर पदोन्नति हेतु मार्च/अप्रैल 2025 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पात्र व्याख्याताओं एवं प्रधानपाठकों के पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक (डी.पी.सी) हुआ था। विभागीय प्रक्रिया में व्यवधान के फलस्वरूप टी-संवर्ग में 1335 तथा ई-संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुआ था। टी-संवर्ग अंतर्गत जारी पदस्थापना आदेश 29 अगस्त को जारी हुआ था। जिसमें टी-संवर्ग के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों के नाम पदस्थापना आदेश से हटा दिया गया था। जबकि विभाग के द्वारा टी संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को प्राचार्य पद पर काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करना था। जोकि ई-संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति आदेश तिथि एवं पदस्थापना आदेश तिथि तक में भी लागूहोगा।

फेडरेशन ने सेवानिवृत्ति के कारण प्राचार्य पदोन्नति से वंचित हुए पात्र व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत के अंतर्गत काल्पनिक पदोन्नति देने की मांग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से किया है।



### धार्मिक स्थलों में श्रमदान कर चलाया स्वक्षता अभियान

**कोतबा।** नगर पंचायत कोतबा में स्वच्छता पखवाड़ा स्वक्षता उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है स्वच्छता ही सेवा के उद्देश्य को लेकर कोतबा मुख्य नगर पालिका अधिकारी टी.आर.यादव के मार्गदर्शन में सार्वजनिक पर्यटन धार्मिक सामुदायिक स्थलों में श्रमदान किया गया। इसमें एक ओर जहां स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत कठिन स्थलों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों एवं बाजार क्षेत्रों की स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियां उत्सव स्वरूप आयोजित की जा रही है।वहीं "सेवा पखवाड़ा" के तहत विकास, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।जिसमे सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित करते हुए ठेले गुमटी दुकानों बाजारों में नगर पंचायत के स्वक्षता दूतों द्वारा कपड़े के थैले वितरण कर जन जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।वही नगर के पर्यटन स्थल सतिघाट शिवधाम सहित श्री श्याम मंदिर,हनुमान मंदिर,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्गा पण्डाल में श्रमदान कर स्वक्षता अभियान चलाया गया जिसमे नगर के स्वक्षता दूत,स्वक्षता दीदी,कर्मचारियों अधिकारी सहित आम नागरिकों व पत्रकारों ने भी बढ़ चढ़ कर जनभागीदारी निभाई।

# स्कूली छात्रों ने की स्वच्छता रैली का आयोजन

**जशपुरनगर।** जिले में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शनिवार को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्कूली छात्रों द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। रैली में स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए हाथों में स्वच्छता संदेश से लिखे हुए बैनर, तख्तियां और नारों के माध्यम से लोगों को अपने घर, मोहल्ले और ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। रैली के दौरान ₹स्वच्छता ही सेवा हैर, ₹स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन, कचरा डस्टबिन में डालें जैसे नारे लगाते हुए लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि स्वच्छता केवल सरकार का अभियान नहीं, बल्कि यह आमजन का आंदोलन है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। अभियान के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, श्रमदान, दीवार लेखन तथा ग्राम स्तर पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।



### स्काई एलॉयज ने टेमटेमा में लगाया स्वास्थ शिविर

**खरसिया।** स्काय एलॉयज एंड पावर लिमिटेड द्वारा ग्राम टेमटेमा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 145 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर में कंपनी के दो अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे जिनमें डॉ. टेकलाल पटेल ने कान, नाक और गले से संबंधित 100 से अधिक मरीजों का परीक्षण व उपचार किया।

### रेलवे कर्मचारियों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**रायगढ़।** आल इंडिया रेलवेमैन फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को रायगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कर्मचारियों ने आठवे केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना आयोजित किया। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी नाराजगी को प्रभावी रूप से व्यक्त किया। कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार ने पहले ही आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लंबे समय से वेतन सुधार की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों ने इसे सरकार की संवेदनहीनता और अनदेखी करार दिया। उनका मानना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में यह लापरवाही उनके लिए गंभीर आर्थिक समस्याएँ पैदा कर रही है। धरने में शामिल कर्मचारियों ने विशेष रूप से कहा कि उनके वेतन में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न होने से परिवारिक खर्चों पर दबाव बढ़ता जा रहा है।




# लौकी छीलने से किया मना बड़ी बहन ने की छोटी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

घरेलू विवाद के चलते अपनी ही छोटी बहन की हत्या करने के मामले में रायगढ़ जिला अदालत ने बड़ी बहन को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सनसनीखेज मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र के पतरापाली का है। जानकारी के मुताबिक दीनदयाल महतो की तीन बेटियां थीं। बड़ी बेटी रेखा का विवाह हो चुका था। जबकि 20 वर्षीय नेहा और छोटी बहन रंजीता अपने माता-पिता के साथ रह रही थीं। नेहा घर के काम करती थी और रंजीता सिलाई का काम करती थी। नेहा अक्सर घरेलू काम में सहयोग करने को कहती थी, लेकिन रंजीता टाल देती थी। 24 अप्रैल 2024 की रात भी ऐसा ही हुआ। नेहा ने रंजीता से लौकी छीलने और खाना बनाने को कहा। लेकिन उसने मना कर दिया। गुस्से में नेहा ने रसोई में रखे लोहे के खलबट्टे से रंजीता के सिर पर दो वार कर दिए। रंजीता की मौत हो गई। इसके बाद उसने शव को कंबल से ढककर सोने का बहाना बनाया। अगले दिन पिता ने बेटी को मृत अवस्था में देखा और पुलिस को सूचना दी। जांच में पता चला कि नेहा ने ही बहन की हत्या की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन की अदालत ने नेहा को धारा 302 और 201 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।







